आग

ग्राम पंचायत हर्री में अज्ञात कारणों से लगी थी आग, दो किसानों को भारी आर्थिक नुकसान, देर से पहुंची फायर ब्रिगेड

# आग से खेत में रखी गेहूं की फसल जलकर खाक



**अनूपपुर, नवभारत।** ग्राम पंचायत हर्री में बुधवार को अज्ञात कारणों से लगी आग ने किसानों की मेहनत को पलभर में राख कर दिया। आग ने इतना विकराल रूप धारण कर लिया कि खेतों में कट कर रखी गेहूं की फसल आग की चपेट में आ गई और देखते ही देखते जलकर खाक हो गई।

जानकारी के अनुसार किसान अनुज राठौर के लगभग 1 से 1.5 एकड़ खेत में रखी 100 से 200 गेहूं की गठान पूरी तरह नष्ट हो गईं। वहीं किसान सीताराम राठौर के करीब 1 एकड़ खेत में रखी लगभग 100 गठान भी आग की भेंट चढ़ गईं। इस घटना से दोनों किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।

### किसानों की चार महीने की कड़ी मेहनत पर फिरा पानी

ग्रामीणों ने बताया कि यह सिर्फ फसल का नुकसान नहीं, बल्कि किसानों की चार महीने की कड़ी मेहनत और सालभर के राशन का भी नुकसान है। आग लगने की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने डायल 112 और फायर ब्रिगेड को कई बार सूचना दी, लेकिन समय पर मदद नहीं पहुंचने के कारण आग और भड़क गई, जिससे नुकसान बढ़ता चला गया।

### जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

घटना के बाद गांव में आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। साथ ही प्रभावित किसानों ने पटवारी और तहसीलदार से मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन करने और शीघ्र उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

### फायर ब्रिगेड समय पहुंच जाती तो नुकसान कम होता

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय पर दमकल दल पहुंच जाता, तो नुकसान को काफी हद तक रोका जा सकता था। अब किसानों की नजर प्रशासन की ओर है कि उन्हें राहत कब और कैसे मिलती है।



# जीप-बाइक की टक्कर में युवक की मौत

**तेज रफ्तार जीप का चालक फरार, दोनों वाहन हुए क्षतिग्रस्त**

**अनूपपुर, नवभारत।** राजेंद्रग्राम थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर लांघाटोला गांव के पास तेज रफ्तार जीप और दो पहिया वाहन की आमने-सामने टक्कर में 28 वर्षीय युवक की मौके पर ही मृत्यु हो गई। टक्कर इतनी जोरदार, दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गये, वहीं कार चालक घायल अवस्था में फरार बताया जा रहा हैं।

थाना प्रभारी राजेंद्रग्राम पीसी कोल ने बताया कि बुधवार दोपहर लांघाटोला गांव के पास तेज रफ्तार वाहन जीप क्रमांक एमपी 19 जेडएल 8861 जो अनूपपुर से राजेंद्रग्राम की जा रहा था सामने से जागेश्वर गोंड पुत्र सहर्ष सिंह अपने ग्राम पठैती (राजेंद्रग्राम) से दो पहिया वाहन मजदूरी करने कोतमा जा रहा था। तभी दोनो में जोदार टक्कर हो गई। जिससे युवक के सिर में गंभीर चोट आई और मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई।

### बाइक पूरी तरह टूट गई

हादसा इतना भीषण था कि जीप का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और सामने का शीशा टूट गया, वहीं बाइक भी पूरी तरह टूट गई। टक्कर के बाद चार पहिया वाहन चालक छोड़कर फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर के बाद जागेश्वर बाइक से उछलकर बोलेरो के पीछे जा गिरा, वहीं चार पहिया वाहन चालक भी घायल अवस्था में फरार बताया जा रहा हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

# दूल्हे के बड़े भाई ने सल्फास खाकर दी जान

**शादी की खुशियां मातम में बदलीं, एक दिन पहले वापस आई थी बारात**



**अनूपपुर नवभारत 22 अप्रैल।** जिले के भालूमाड़ा थाना क्षेत्र में छोटे भाई की शादी के कुछ ही घंटों बाद बड़े भाई ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। इससे शादी का खुशनुमा माहौल मातम में बदल गया। वार्ड क्रमांक 11, दफाई नंबर 3 निवासी 45 वर्षीय विजय कुमार कोरी ने अज्ञात कारणों से यह आत्मघाती कदम उठाया। परिजनों के अनुसार, विजय के छोटे भाई की शादी 20 अप्रैल को हुई थी और 21 अप्रैल की शाम को ही वह अपनी दुल्हन को लेकर घर लौटा था। घर में शादी की रस्में और खुशियों का माहौल था। इसी बीच, रात करीब 10:30 बजे विजय की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। जब आसपास के लोगों ने उससे पूछताछ की, तो उसने सल्फास खाने की बात स्वीकार की। हालत बिगड़ते देख परिजन उसे रात कॉलरी अस्पताल भालूमाड़ा ले गए।

### आत्मघाती कदम क्यों उठाया इसका खुलास नहीं हुआ

कॉलरी अस्पताल में डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन जहर का असर पूरे शरीर में फैल चुका था। गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रात में ही जिला चिकित्सालय अनूपपुर रेफर किया गया। दुर्भाग्यवश, अनूपपुर पहुंचने से पहले ही विजय ने रास्ते में दम तोड़ दिया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। विजय ने यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया, इसका खुलासा अभी तक नहीं हो पाया है।

### बढ़ती गर्मी के चलते कक्षा 5वीं तक अवकाश घोषित

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले में लगातार बढ़ती गर्मी और तापमान में इजाफे को देखते हुए जिला प्रशासन ने छात्रों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। कलेक्टर के अनुमोदन के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने स्कूलों के संचालन में बदलाव संबंधी आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार, प्री-प्रायमरी से लेकर कक्षा 5वीं तक के सभी शासकीय, निजी, सीबीएसई एवं केंद्रीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए 22 अप्रैल से 30 अप्रैल तक अवकाश घोषित किया गया है। वहीं कक्षा 6वीं से 12वीं तक के छात्रों के लिए स्कूलों का समय पूर्ववत रखा गया है, लेकिन संचालन सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा।

# आस्था व ध्यान से रोगों से मुक्ति का दिया संदेश



**बैशाख अमावस्या पर आनंद दरबार में उमड़ा जनसैलाब**

**अनूपपुर, नवभारत 22 अप्रैल।** स्वस्थ विश्व, भयमुक्त मानवता के संकल्प के साथ कानपुर स्थित करौली शंकर महादेव धाम में बैशाख अमावस्या के अवसर पर नि:शुल्क आनंद दरबार का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में देशभर से हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर ध्यान और संकल्प के माध्यम से शारीरिक व मानसिक कष्टों से मुक्ति का अनुभव साझा किया।

कार्यक्रम में श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन निर्वाण के सचिव महंत जगतार मुनि मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए बताया कि वे लंबे समय से रीढ़ की हड्डी की गंभीर समस्या से पीड़ित थे और कई बड़े अस्पतालों में इलाज के बावजूद उन्हें राहत नहीं मिली।

### विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी शक्ति : जगतार मुनि

उन्होंने कहा कि हरिद्वार में पूर्ण गुरु करौली शंकर महादेव से मिलने और उनके आशीर्वाद व धाम की पद्धति को अपनाने के बाद आज मैं पूर्णत: स्वस्थ हूं। अटूट विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी शक्ति बना। धाम की विशेषता नि:शुल्क आनंद दरबार को बताया गया, जहां समाज के हर वर्ग के लोग एक साथ बैठकर आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त करते हैं। धाम की मान्यता है कि दृढ़ संकल्प और प्रार्थना के माध्यम से व्यक्ति स्वयं को स्वस्थ और सकारात्मक बना सकता है।

**एक नजर में**

### राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा में शामिल होंगे 1178 परीक्षार्थी


मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

**अनूपपुर, नवभारत।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 आगामी 26 अप्रैल को जिले के तीन परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा दो सत्रों में संपन्न होगी, जिसमें पहला सत्र प्रात: 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा दूसरा सत्र दोपहर 2.15 बजे से शाम 04.15 बजे तक होगा। जिले से कुल 1178 परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे। जिला मुख्यालय अनूपपुर में परीक्षा के लिए तीन केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इनमें शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर (केंद्र क्रमांक 48/1), शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चेतना नगर अनूपपुर (केंद्र क्रमांक 48/2) तथा शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर (केंद्र क्रमांक 48/3) शामिल हैं। परीक्षा की पारदर्शिता और शुचिता बनाए रखने के लिए इस वर्ष बायोमेट्रिक पहचान अनिवार्य की गई है।




### दसवीं बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों का किया सम्मान

**भालूमाड़ा नवभारत।** पीएम श्री शासकीय हाईस्कूल भालूमाडॉ में दसवीं बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं का सम्मान कर उन्हें बधाई शुभकामनाएं दी गई। स्कूल परिसर में आयोजित छात्र-छात्रा सम्मान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा मंडल पसान अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह भाजपा महामंत्री अजय यादव वरिष्ठ पत्रकार समाजसेवी सुरेश शर्मा प्राचार्य सतीश सिंह सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं और छात्र उपस्थित रहे। स्कूल के प्राचार्य सतीश सिंह ने बताया कि वर्ष 2025-26 में कक्षा दसवीं में कुल 36 छात्र थे जिनमें एक छात्र परीक्षा में अनुपस्थित रहा कुल 35 छात्रों में एक छात्र सफल नहीं हो सका, बाकी 34 छात्र परीक्षा में अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए। स्कूल का परीक्षाफल 97.14 प्रतिशत रहा, जो कि अभी तक का सबसे बेहतर परीक्षा परिणाम है। 34 उत्तीर्ण छात्रों में 21 छात्र प्रथम श्रेणी 13 छात्र द्वितीय श्रेणी में सफल हुए। स्कूल में प्रथम स्थान में छात्र ऋतिक रजक 85ज द्वितीय स्थान साजिद खान 84ज तृतीय स्थान छात्र रीता केवट 81ज अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए।



### यूपीएससी में चयनित प्रवीण का किया गया स्वागत

**जमुना कोतमा, नवभारत।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की प्रतिष्ठित सिविल सेवा परीक्षा में 781वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले प्रवीण कुमार पटेल का आज कोतमा रेलवे स्टेशन पर अभूतपूर्व और ऐतिहासिक स्वागत किया गया। जैसे ही निजामुद्दीन-अंबिकापुर ट्रेन से प्रवीण पटेल कोतमा स्टेशन पहुंचे, पूरा स्टेशन बधाई हो के नारों, बैंड-बाजों और आतिशबाजी से गूंज उठा। कोयलांचल क्षेत्र के लोगों ने अपने इस होनहार बेटे के स्वागत में कोई कसर नहीं छोड़ी। फूल-मालाओं से लदे प्रवीण पटेल का स्वागत जमुना कॉलोनी, भालूमाड़ा और कोतमा नगर के सैकड़ों नागरिकों ने एकजुट होकर किया। स्टेशन परिसर में उमड़ी भीड़ ने इस पल को उत्सव में बदल दिया। स्वागत के दौरान भावनात्मक दृश्य भी देखने को मिले। प्रवीण के माता-पिता, विशेषकर उनकी मां, अपने बेटे की इस ऐतिहासिक सफलता और सम्मान को देखकर भावुक हो उठीं और उनकी आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े। यह पल वहां मौजूद हर व्यक्ति के लिए गर्व और भावनाओं से भरा रहा।




# शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब, जयघोष से गूंजा नगर

**धूमधाम से मनाया गया आदि शंकराचार्य का जन्मोत्सव**

**अमरकंटक, नवभारत 22 अप्रैल।** मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले की पावन तीर्थ नगरी अमरकंटक में बुधवार को आदि गुरु आदि गुरु शंकराचार्य का 1238वां जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अमरकंटक संत मंडल के तत्वावधान में शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें संत-महात्माओं और श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में भागीदारी रही। शोभायात्रा का शुभारंभ श्री नर्मदा मंदिर से हुआ, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकली। भगवा ध्वज, भजन-कीर्तन और हर-हर शंकर व जय आदि गुरु शंकराचार्य के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।

### संत-महात्मा व साधु-संन्यासी की रही उपस्थिति

इस दौरान अग्नि पीठाधीश्वर ब्रह्मर्षि आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी रामकृष्णानंद महाराज श्री मार्कंडेय आश्रम, स्वामी लवलीन महाराज धारकुंडी आश्रम, स्वामी नर्मदानंद महाराज गीता स्वाध्याय आश्रम सहित विभिन्न आश्रमों के संत-महात्मा, साधु-संन्यासी और पुजारी उपस्थित रहे।

संतों ने अपने संबोधन में आदि गुरु शंकराचार्य जी के अद्वैत वेदांत के संदेश, सनातन धर्म के पुनरुत्थान में उनके योगदान और समाज को एक सूत्र में बांधने की उनकी प्रेरणा को याद किया।

### शंकराचार्य का जीवन त्याग, तप व ज्ञान का उदाहरण

उन्होंने कहा कि शंकराचार्य का जीवन त्याग, तप और ज्ञान का अद्वितीय उदाहरण है, जो आज भी मानव समाज को मार्गदर्शन देता है। आयोजन के दौरान प्रशासनिक व्यवस्थाएं सुचारू रहीं और श्रद्धालुओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि सनातन संस्कृति की एकता और गौरव का संदेश भी दे गया।

# तिपान नदी संरक्षण हेतु किया सामूहिक श्रमदान

**जैतहरी में जल स्त्रोत सेवा समागम आयोजित**



**अनूपपुर, नवभारत 22 अप्रैल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्राथमिकता वाले जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले के जैतहरी विकासखंड में जल स्त्रोतों के पुनरुद्धार को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में जन अभियान परिषद के समन्वय से जल स्त्रोत सेवा समागम कार्यक्रम आयोजित कर तिपान नदी के संरक्षण के लिए सामूहिक पहल की गई। कार्यक्रम के अंतर्गत जल स्त्रोतों की स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए आस्था शिक्षण समिति, वेंकटनगर के सहयोग से तिपान नदी के तट पर विशेष श्रमदान किया गया। इस दौरान नदी किनारे की व्यापक साफ-सफाई कर जल प्रवाह को सुचारू बनाए रखने और जल गुणवत्ता सुधारने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया गया।

### जल संरक्षण के महत्व के प्रति किया जागरूक

दी अनुभूति कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। उपस्थित नागरिकों को बताया गया कि जल स्त्रोतों का संरक्षण वर्तमान के साथ-साथ भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में सभी ने जल स्त्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्र-छात्राएं, प्रस्फुटन समिति के सदस्य एवं स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

सवाल

खदान प्रबंधन असमंजस में है कि भूमि, मकान एवं दुकानों के मुआवजे की दर किस आधार पर निर्धारित की जाए

# बरतराई खदान में भूमि अधिग्रहण पर संशय, सर्वे प्रक्रिया पर उठे सवाल

**जमुना-कोतमा नवभारत 22 अप्रैल।** अमाड़ांड-बरतराई भूमिगत खदान में डिपिलरिंग पद्धति के माध्यम से कोयला उत्खनन हेतु की जा रही भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया इन दिनों विवादों के घेरे में आ गई है। खदान प्रबंधन स्वयं इस असमंजस में है कि भूमि, मकान एवं दुकानों के मुआवजे की दर किस आधार पर निर्धारित की जाए।

जानकारी के अनुसार, अधिग्रहण प्रक्रिया के दौरान कई किसानों द्वारा मुआवजा प्राप्त करने के उद्देश्य से रातों-रात टीन शेड के अस्थायी मकान एवं दुकानों का निर्माण कर लिया गया है। इनका क्षेत्रफल हजारों वर्गफुट तक बताया जा रहा है। नियमानुसार ईंट-सीमेंट से निर्मित भवनों को पक्का निर्माण माना जाता है, जबकि पूर्णत: टीन से बने ढांचों को अस्थायी निर्माण की श्रेणी में रखा जाता है।






### अस्थायी निर्माणों को भी पक्के निर्माण के समान मुआवजा दिया

विवाद का मुख्य कारण यह है कि यदि टीन से बने अस्थायी निर्माणों को भी पक्के निर्माण के समान मुआवजा प्रदान किया गया, तो इससे किसानों एवं प्रबंधन के बीच टकराव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। किसानों का कहना है कि भूमि अधिग्रहण, पुनर्वासन एवं पुनर्स्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम लागू होने के पश्चात किसी भी प्रकार का नया निर्माण पूर्णत: प्रतिबंधित एवं अवैध हो जाता है।

### ड्रोन सर्वे को लेकर विवाद

मामले में ड्रोन सर्वे को लेकर भी गंभीर प्रश्न उठ रहे हैं। आरोप है कि खदान प्रबंधन द्वारा 20 जनवरी 2026 को कलेक्टर, अनूपपुर को सूचना देने में देरी की गई तथा 27 जनवरी के पश्चात ड्रोन सर्वे कराया गया, जिससे कुछ व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने की आशंका व्यक्त की जा रही है। वहीं, प्रबंधन का कहना है कि 20 जनवरी 2026 को प्रस्तुत सूचना पत्र में यह स्पष्ट किया गया है कि राजपत्र अधिसूचना की तिथि का सैटेलाइट चित्र पूर्व में ही सुरक्षित कर लिया गया है।

### किसानों की आपत्तियां एवं मांग

जिन किसानों द्वारा कोई नया निर्माण नहीं किया गया है, उनका कहना है कि यदि 2 जनवरी 2026 के पश्चात निर्मित संरचनाओं को भी मुआवजा प्रदान किया गया, तो वे उग्र आंदोलन करने हेतु बाध्य होंगे तथा उच्च स्तर पर शिकायत दर्ज कराएंगे। वर्तमान स्थिति में पारदर्शिता के अभाव तथा परस्पर विरोधी दावों के कारण क्षेत्र में संशय एवं तनाव का वातावरण व्याप्त है। यदि शीघ्र ही स्पष्ट निर्णय नहीं लिया गया, तो यह विवाद व्यापक जनआंदोलन का रूप ले सकता है।

### सटीक डेटा से तय होगा विकास का रोडमैप : पंचोली

**अनूपपुर, नवभारत 22 अप्रैल।** जिले में आगामी जनगणना कार्य को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी हर्षल पंचोली ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक लेकर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण संवैधानिक जिम्मेदारी है, जिसके आधार पर देश की नीतियां और योजनाएं तैयार होती हैं, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने बताया कि जिले में जनगणना का प्रथम चरण 1 मई से 30 मई 2026 तक संचालित होगा। इस दौरान मकान सूचीकरण और आवास गणना का कार्य किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण 30 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लिया जाए। बैठक में कलेक्टर ने फील्ड स्तर पर कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।